कार्यालय उप जिलाधिकारी मवाना

पत्रांकः 1911 /एस0टी0म0–2010 दिनांकः 03–7–2010

अपर जिलाधिकारी(प्रशासन)
मेरठ।

महोदय,

कृपया जिलाधिकारी मेरठ महोदय के पत्र सं0 513/एसटी–कैम्प/2010 दिनांक 12–1–2010 पर पृष्ठांकित अपने आदेश सं0 601/डी0एल0आर0सी0 दिनांक 28–1–2010 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा पी0पी0पी0योजना के अन्तर्गत तहसील मवाना में पॉलीटेक्निक की स्थापना हेतू 05 एकड भूमि को निःशुल्क प्राविधिक शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराने हेतू निर्देशित किया गया है। जिस पर तहसीलदार मवाना से आख्या प्राप्त की गई।

तहसीलदार मवाना द्वारा अपनी आख्या में अवगत कराया गया है कि ग्राम मवानाखुर्द परगना हस्तिनापुर तहसील मवाना जनपद मेरठ की खतौनी साल 1416 ता 1421 फ0 में खाता सं0 01 के ख0न0 167 क्षेत्र0 1.195है0,ख0न0 169 क्षेत्र0 0.566है0,ख0न0 170 क्षेत्र0 4.309है0 कुल 3 किता कुल क्षेत्र0 6.0700है0 मालगुजारी 135.55 रू0 पर राज्यपाल शिक्षा विभाग उ0प्र0 का नाम श्रेणी 1 में अंकित है। जिसमे ख0न0 167 व 169 में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का भवन बना हुआ है तथा ख0न0 170 क्षेत्र0 4.3090है0 में प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मवानाखुर्द द्वारा कृषि कार्य ठेके पर कराया जाता है। ख0न0 170 क्षेत्र0 4.309है0 में से 5 एकड भूमि अर्थात 2.0234 है0 पर पी0पी0पी0 योजना के अन्तर्गत पॉलीटेक्निक कालेज हेतू उपयुक्त है।

उक्त आख्या से स्पष्ट है कि खतौनी खाता सं0 01 के ख0न0 170 क्षेत्र0 4.3090है0 स्थित ग्राम मवानाखुर्द पर राज्यपाल शिक्षा विभाग उ0प्र0 का नाम श्रेणी 1 में अंकित है। जिस पर प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मवानाखुर्द द्वारा कृषि कार्य ठेके पर कराया जाता है। अतः ख0न0 170 क्षेत्र0 4.309है0 में से 5 एकड भूमि अर्थात 2.0234 है0 पर पी0पी0पी0 योजना के अन्तर्गत पॉलीटेक्निक कालेज खोला जाना उचित होगा। नकल खसरा खतौनी व नक्शा नजरी संलग्न है।

DLRC

तहसीलदार मवाना की आख्या सहित सादर प्रेषित।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

3/7/10

(बच्चू सिंह)
उपजिलाधिकारी मवाना